# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2025/2916 दिनांक : 07.08.2025

**प्रति,**

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष
समस्त बी0एड0 सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषयः परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संचालन शुल्क की राशि जमा किये जाने विषयक्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2024-25 की बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिये जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। इन परीक्षा केन्द्रों पर जिन महाविद्यालयों के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, उन महाविद्यालयों को प्रति छात्र रू0 188/- परीक्षा संचालन शुल्क की राशि संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर जमा करनी थी। ऐसे महाविद्यालयों से कई बार इस संबंध में पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक कुछ महाविद्यालयों के द्वारा परीक्षा संचालन शुल्क की राशि संबंधित परीक्षा केन्द्र पर राशि जमा नहीं की गई है। जीवाजी विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र 2024-25 की बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के बनाये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्यों/केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे दो दिवस के अन्दर ऐसे महाविद्यालयों की सूची परीक्षा नियंत्रक के ई-मेल (jiwajigwalior@yahoo.co.in) पर अनिवार्य रूप से भेजा जाना सुनिश्चित करें। जिन्होंने आज दिनांक तक परीक्षा संचालन शुल्क की राशि संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जमा नहीं की है।

माननीय कुलगुरू महोदय के आदेशानुसार ऐसे महाविद्यालयों का परीक्षा परिणाम रोके जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिन्होंने आज दिनांक तक परीक्षा संचालन शुल्क की राशि संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जमा नहीं की है।

परीक्षा परिणाम रोके जाने के कारण उत्पन्न अप्रिय स्थिति के लिये संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तरदायी होगें।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :-**

1. माननीय कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**सहायक-कुलसचिव(परीक्षा)**